<u>निम्नलिखित पद पर भर्ती हेतु ई-प्रवेश पत्र</u>

शिक्षा निदेशालय, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में वाइस प्रिंसिपल (उप प्रधानाचार्य) के 131 पदों के लिए भर्ती परीक्षण [विज्ञापन सं. 10/2022, रिक्ति सं. 22051009328]

<u>नोटिस</u>

संघ लोक सेवा आयोग उपर्युक्त पदों पर भर्ती के लिए **दिनांक 11.12.2022 (रविवार) को अपराह्न सत्र में अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक देशभर के पन्द्रह केन्द्रों पर** एक भर्ती परीक्षण का आयोजन करेगा। **उम्मीदवारों द्वारा परीक्षण केन्द्र पर रिपोर्ट करने का समय परीक्षण आरंभ होने के निर्धारित समय से एक घंटा पहले है।** आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश-पत्र (अथवा अस्वीकृत किए गए आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदन पत्र को अस्वीकृत किए जाने के कारण/आधार) अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) तथा (http:/www/upsconline.nic.in) पर अपलोड किए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट निकाल लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को परीक्षण-स्थल पर प्रवेश लेने के लिए अपने ई-प्रवेश-पत्र के प्रिंट आउट को प्रस्तुत करना होगा। जिन उम्मीदवारों की फोटो ई-प्रवेश-पत्र पर स्पष्ट नहीं है, उन्हें भर्ती परीक्षण में प्रवेश के लिए अपने साथ पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ सहित परिवचन तथा अपना फोटो पहचान का कोई मूल प्रमाण जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र अपने साथ लाना होगा। **इस भर्ती परीक्षण के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें। किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, तत्काल आयोग को सूचित किया जाए, जिससे आयोग इस मामले में निर्णय ले सके। किसी प्रकार की कठिनाई आने पर, उम्मीदवार संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा केन्द्र के टेलीफोन नं. 011-23381125, 23385271 तथा 23098543 पर सभी कार्यदिवसों में प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।